कार्यालय :—न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

Telephone No. 07856-252545 Fax No. 07856-252021 E-mail id dantewada.court@nic.i

स्टेनोग्राफर (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड–3 के द्वितीय चरण– कौशल परीक्षा के संबंध में अत्यावश्यक सूचना

क्रमांकः– क्यू/चयन समिति/2024 दंतेवाड़ा दिनांक 30.08.2024

कार्यालय न्यायाधीश, परिवार न्यायालय. दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा स्थापना के विज्ञापन क्रमांक 01/2023 दिनांक 11.07.2023 के अंतर्गत स्टेनोग्राफर (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड–3 के रिक्त पद के लिये दिनांक 25.08.2024 को आयोजित प्रथम चरण–लिखित परीक्षा के प्राप्तांको व वर्गवार/उप–वर्गवार में अंतिम अभ्यर्थियो के सामान प्राप्तांक वाले अभ्यर्थी भी द्वितीय चरण–कौशल परीक्षा हेतु अर्ह (पात्र) उपलब्धता के आधार पर स्टेनोग्राफर (हिन्दी) के लिये 12 एवं सहायक ग्रेड–03 के लिये 41 कुल 53 अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण–कौशल परीक्षा हेतु चिन्हांकित किया गया है जिनके अनुक्रमांक (रोल नंबर) इस कार्यालय के वेबसाईट **https://dantewada.dcourts.gov.in** में दिनांक 28.08.2024 को अपलोड किया गया है। अतः सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे विज्ञापन के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन विधि का अध्ययन कर लेवें।

स्टेनोग्राफर (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड–3 के रिक्त पद की पूर्ति हेतु विज्ञापन की शर्तो के अनुसार **द्वितीय चरण– कौशल परीक्षा** (कंप्यूटर परीक्षण) निम्नानुसार लिया जायेगाः–

परीक्षा की समय सारणी

पद का नाम	परीक्षा केन्द्र का नाम	परीक्षा का दिनांक व दिन	परीक्षा का समय
सहायक ग्रेड–3	कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दंतेवाड़ा (छ.ग.)	14.09.20024 शनिवार	प्रातः 10:00 बजे से सुबह 11:00 बजे तक
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)	कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दंतेवाड़ा (छ.ग.)	14.09.20024 शनिवार	सुबह 11:00 बजे से 12:00 बजे तक

परीक्षार्थियों के लिये आवश्यक निर्देशः–

1. विज्ञापन की शर्त के अनुसार सहायक ग्रेड–3 की द्वितीय चरण–कौशल परीक्षा हेतु कुल 100 अंक निर्धारित है, जिसमें से 80 अंक कौशल परीक्षा के लिये तथा कंप्यूटर परीक्षण/परीक्षा हेतु 20 अंक निर्धारित है। कौशल परीक्षा समाप्त होने के तत्काल बाद परीक्षार्थियों को कंप्यूटर परीक्षण/परीक्षा देना होगा, इस तरह दोनो परीक्षा एक ही दिन संपन्न होगा। कौशल परीक्षा उबन्टु लिनिक्स **(Ubuntu Linux)** मे लिब्रे ऑफिस **(Libre office)** मे ली जावेगी।

02. विज्ञापन की शर्त के अनुसार स्टेनोग्राफर (हिन्दी) की परीक्षा का कुल 100 अंक निर्धारित है, जिसमें से 80 अंक हिन्दी श्रुत लेख/शार्ट–हैण्ड के लिये तथा 20 अंक कंप्यूटर दक्षता परीक्षा के लिये है। हिन्दी श्रुत लेख/शार्ट–हैण्ड की परीक्षा समाप्त होने के तत्काल बाद परीक्षार्थियों को कंप्यूटर परीक्षा देना होगा, इस तरह दोनो परीक्षा एक ही दिन संपन्न होगा। कौशल परीक्षा उबन्टु लिनिक्स **(Ubuntu Linux)** मे लिब्रे ऑफिस **(Libre office)** मे ली जावेगी।

03. परीक्षार्थी परीक्षा दिनांक को अपनी पहचान के संबंध में आधार कार्ड/पेन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/मतदाता परिचय पत्र/पासपोर्ट इत्यादि आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर उपस्थित रहेंगे।

04. परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य है। विलंब से उपस्थित होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

05. विज्ञापन के साथ प्रवेश पत्र का प्रारूप उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर परीक्षा के दिन परीक्षार्थी को लाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी उक्त प्रवेश पत्र को स्वयं भरकर साथ लेकर आएगें। पृथक से प्रवेश–पत्र नहीं भेजा जावेगा।

06. पंजीयन कमांक तथा अनुकमांक (रोल नंबर) की जानकारी परीक्षार्थी जिला न्यायालय, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के वेबसाईट से प्राप्त करें। परीक्षार्थी परीक्षा में केवल काले अथवा नीले बाल पेन का ही उपयोग करेंगे।

07. प्रवेश पत्र में दिये गये निर्धारित स्थान पर आवेदन पत्र में संलग्न किये गये फोटो के अनुसार ही फोटो चस्पा करना अनिवार्य है। परीक्षार्थी अपने साथ एक अतिरिक्त फोटो आवश्यक रूप से लावें।

08. परीक्षार्थी को परीक्षा के दिन पर्यवेक्षक के समक्ष ही प्रवेश पत्र में हस्ताक्षर करना होगा।

09. परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के अस्त्र, शस्त्र, कागजात, चीट, पुस्तक, नोट्स, पेजर, कैल्कुलेटर, मोबाईल, लॉग टेबल, ब्लू टूथ एवं पेन ड्राइव आदि रखना वर्जित है अन्यथा परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित कर दिया जावेगा, जिसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परीक्षार्थी द्वारा लाये गये समान के रख रखाव एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।

अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नियमित रूप से कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दंतेवाड़ा के वेबसाईट **https://dantewada.dcourts.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

दिनांक 30.08.2024

30/08/2024

अध्यक्ष
चयन समिति
कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

अध्यक्ष
चयन समिति,